बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल युवाओं को बल'' के अधीन KYP Code-08020012 सारण में कुशल युवा कार्यक्रम का संचालन New Core Centre Computer Pvt.Ltd.(KYP08020012) के द्वारा किया जा रहा है। उक्त केन्द्र के संचालक के विरूद्ध श्री गुलशन कुमार आवेदक से प्राप्त आवेदन पर दिनांक 20.01.2023 को जिलाधिकारी सारण, जिला नियोजन पदाधिकारी सारण के अध्यक्षता में एक जांच कमिटि का गठन किया गया। उक्त कमिटि में जिला नियोजन पदाधिकारी ,जिला नियोजन परामर्श केन्द्र, सारण एवं बिहार कौशल विकास मिशन के 03 जिला कौशल प्रबंधक सदस्य के रूप में नामित किये गए। उक्त कमिटि के सदस्यों द्वारा दिनांक 23.01.2023 को जांच करने के बाद प्रतिवेदित किया गया कि केन्द्र संचालक श्री अभिजीत सिन्हा के द्वारा जांच में अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया तथा आवेदन कर्ता श्री गुलशन कुमार को जांच कमिटि के समक्ष ब्यान देने के क्रम में बाधा उत्पन्न किया गया। कमिटि के जांच के क्रम में पाया गया कि इनके केन्द्र के द्वारा नामांकित अभ्यर्थियों का Biometric हेतु उंगुली का नकल तैयार किया जाता है तथा अभ्यर्थियों को बताया जाता है कि यह नामांकन में अनिवार्य प्रक्रिया है जांच में पाया गया कि Biometric हेतु उंगुली का नकल तैयार करने हेतु ग्लूगन एवं अन्य उपस्करों का प्रयोग किया जाता है (साक्ष्य–उंगुलियों का ग्लूगन सैंपल का फोटोग्राफ)। इस संबंध में केन्द्र संचालक को पत्रांक BSDM/KYP-30/2023-451 दिनांक 17.04.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। उनके द्वारा समर्पित जवाब स्वीकार्य योग्य नहीं पाया गया तथा New Core Centre Computer Pvt.Ltd.(KYP08020012) के विरूद्ध Biometric से संबंधित गम्भीर अनियमितता की जांच श्रमायुक्त, बिहार द्वारा कराया गया। श्रमायुक्त द्वारा अपने प्रतिवदेन में प्रतिवेदित किया है कि संचालक पर लगाए गए नकली Finger Print तैयार करके उपस्थिति दर्ज करवाने का आरोप सत्य है इसके लिए न केवल सेन्टर को रद्द किया जाना चाहिए बल्कि सेन्टर संचालक के उपर अपराधिक मुकदमा दर्ज करवाया जाना चाहिए।

New Core Centre Computer Pvt.Ltd.(KYP08020012) पर पाई गई अनियमितता के आलोक में सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन से तत्काल प्रभाव से New Core Centre Computer Pvt.Ltd.(KYP08020012) संस्था का पंजीकरण स्थाई तौर से रद्द किया जाता है।

ह० 21/07/23
(राजीव रंजन)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांकः– संख्या–बी0एस0डी0एम0 / KYP–30 / 2023– 1071 दिनांक– 21/07/2023

प्रतिलिपिः– New Core Centre Computer Pvt.Ltd.(KYP08020012) सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. PD, MKCL/PD, E&Y/SPMU, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. मिशन प्रबंधक(आई0टी0,वित्त एवं लेखा) / मिशन प्रबंधक(परियोजना), बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. जिला पदाधिकारी,सारण / जिला नियोजन पदाधिकारी,सारण / जिला कौशल प्रबंधक, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन के सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० 21/07/23
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन।